तेरे सहारे थे दादी जी

तेरे सहारे थे दादी जी, तेरे सहारे हैं, तेरे सहारे ही रहेंगे औ मेरी मैया,
तेरे हवाले थे दादी जी, तेरे हवाले हैं, तेरे हवाले ही रहेंगे औ मेरी मैया....

चरण कमल की सेवा देदो, नित उठ भवन बुहारूं,
प्रेम पूरित नयनो से तेरी निर्मल छवि को निहारूँ,
भक्ति का वरदान दे दो, ओ मेरी मैया.....

तेरे सिवा मेरी झुंझुनुवाली कोई नही है हमारो,
दर दर की है ठोकर खाई मिलो न कोई सहारो,
अब तो आकर बांह पकड़ लो, ओ मेरी मैया.....

दुनियां के सब रिश्ते नाते माया का है डेरा,
एक तू ही लागे अपनी सर पे हाथ जो फेरा,
भवसागर से पार लगादो, ओ मेरी मैया.....

जन्म मरण के फेरों में दादी नैया डगमग डोले,
होता निश्चय भवपार वही जो जय दादी की बोले,
करे यही अरदास "गम्भीर", ओ मेरी मैया.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29515/title/tere-sahare-the-dadi-ji

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |